बिहार सरकार
जल संसाधन विभाग

दिनांक 06.10.2026 को सम्पन्न विभागीय निविदा समिति की बैठक की कार्यवाही

मुख्य अभियंता, सिंचाई सृजन, दरभंगा परिक्षेत्राधीन मधुबनी जिला के खजौली प्रखण्ड में भटचौरा ग्राम के समीप जोरलाही नदी पर गेटेड वीयर का निर्माण कार्य के तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति द्वारा की गई अनुशंसा की समीक्षा हेतु आयोजित विभागीय निविदा समिति की बैठक में निम्नांकित पदाधिकारियों ने भाग लिया :–

1. श्री चन्द्रशेखर सिंह, सचिव, जल संसाधन विभाग, पटना।
2. श्री निखिल कुमार, अभियंता प्रमुख, सिंचाई सृजन, जल संसाधन विभाग, पटना।
3. श्री शम्स परवेज, मुख्य अभियन्ता, यांत्रिक, जल संसाधन विभाग, पटना।
4. श्री अनिल कुमार मंडल, मुख्य अभियन्ता, सिंचाई सृजन, जल संसाधन विभाग, दरभंगा।
5. श्री अरविन्द कुमार वर्मा, आंतरिक वित्तीय सलाहकार, जल संसाधन विभाग, पटना।

(A) कार्य की विवरणी:–

(क) कार्य का नाम	:	मधुबनी जिला के खजौली प्रखण्ड में भटचौरा ग्राम के समीप जोरलाही नदी पर गेटेड वीयर का निर्माण कार्य।
(ख) योजना की प्रशासनिक स्वीकृति	:	मूल रू0 800.73 लाख, पत्रांक 186 दिनांक 05.02.2025 पुनरीक्षित रू0 815.73 लाख पत्रांक 1092 दिनांक 29.05.2026
(ग) निविदा आमंत्रण सूचना सं0 एवं प्रकाशन विवरणी	:	01SBD/2026-27, Dainik Jagran Muzaffarpur Dt. 19.06.2026 PR No.-005980 (WRD) 2026-27
(घ) परिमाण विपत्र की राशि	:	रू0 815.73 लाख।
(च) अग्रधन की राशि	:	रू0 16.320 लाख।
(छ) पुनर्निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि	:	23.07.2026
(ज) कार्य पूर्ण करने की अवधि	:	16 माह
(झ) प्राप्त निविदा की संख्या	:	07 (सात) अदद
(ट) प्रमंडल का नाम	:	पश्चिमी कोशी नहर प्रमंडल, खजौली
(ठ) सफल निविदादाताओं की संख्या	:	01 (एक) अदद
(ड) तकनीकी बीड के निष्पादन की तिथि	:	15.09.2026

(B) तकनीकी बीड की समीक्षा:–

मुख्य अभियंता, सिंचाई सृजन, जल संसाधन विभाग, दरभंगा द्वारा मधुबनी जिला के खजौली प्रखण्ड में भटचौरा ग्राम के समीप जोरलाही नदी पर गेटेड वीयर का निर्माण कार्य हेतु 5वीं वार आमंत्रित पुनर्निविदा से संबंधित ई–टेंडरिंग से प्राप्त निविदादाताओं के निविदा अभिलेखों की अंचलीय संचिका में की गई विस्तृत समीक्षा एवं प्रस्तुत तुलनात्मक विवरणी में स्थिति निम्नवत पायी गयी :–

(1) M/s Royal And Kumar Construction Private Limited, At-Suratpur, Post-Chhatauna, Samastipur:- इनके द्वारा वांछित अर्हता संबंधी अभिलेख संलग्न किया गया है।

अतः ये तकनीकी बीड के वांछित अर्हता पूर्ण करते है।

(2) M/s Shiv Construction Abilpur, Laheriasarai, Darbhanga :- इनके द्वारा SBD के ITB की कंडिका 4.5A(a) अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2025–26 हेतु Turn over से संबंधित अभिलेख संलग्न नहीं किया गया है। साथ ही SBD के ITB की कंडिका ITB-CL-4.5(A)(b) अंतर्गत Satisfactorily completed atleast one similar work of value not less than 10% of estimated value of contract से संबंधित अभिलेख वांछित अर्हता के अनुरुप नहीं है।

अतः ये तकनीकी बीड के वांछित अर्हता पूर्ण नहीं करते है।

(3) Arihant Contractors Private Limited, Ward No-9, Near Sbi Birpur, Supaul:- इनके द्वारा SBD के ITB की कंडिका 4.3(a) अंतर्गत Affidavit से संबंधित अभिलेख वांछित अर्हता के अनुरुप नहीं है।

अतः ये तकनीकी बीड के वांछित अर्हता पूर्ण नहीं करते है।

(4) Amrendra Kumar Sah, At- Lalmanpatti, Ward No. 19, Post- Sikarhatta, Supaul:- इनके द्वारा SBD के ITB की कंडिका 4.5A(a) अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2025–26 हेतु Turn over से संबंधित अभिलेख संलग्न नहीं किया गया है तथा SBD के ITB की कंडिका 4.5B(a) अंतर्गत Dozer से संबंधित अभिलेख वांछित अर्हता के अनुरुप संलग्न नहीं किया गया है।

अतः ये तकनीकी बीड के वांछित अर्हता पूर्ण नहीं करते है।

(5) Rakesh Kumar Bhagwanpur, Muzaffarpur:- इनके द्वारा SBD के ITB की कंडिका 4.5A(a) अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2025–26 हेतु Turn over से संबंधित अभिलेख संलग्न नहीं किया गया है तथा SBD के ITB की कंडिका 4.5B(b) अंतर्गत Site Engineer Civil के लिये Irrigation Work का अनुभव से संबंधित अभिलेख संलग्न नहीं किया गया है तथा Site Supervisor Mechanical से संबंधित अभिलेख संलग्न नहीं किया गया है। SBD के ITB की कंडिका ITB-CL-4.5(A)(b) अंतर्गत Satisfactorily completed atleast one similar work of value not less than 10% of estimated value of contract से संबंधित अभिलेख वांछित अर्हता के अनुरुप नहीं है।

अतः ये तकनीकी बीड के वांछित अर्हता पूर्ण नहीं करते है।

(6) Pooja Kumari, Tekari, Gaya:- इनके द्वारा SBD के ITB की कंडिका 4.5A(a) अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2021–22, 2022–23 एवं 2025–26 हेतु Turn over से संबंधित अभिलेख संलग्न नहीं किया गया है तथा वित्तीय वर्ष 2023–24 एवं 2024–25 हेतु समर्पित अभिलेख में अंकित राशि का UDIN से सत्यापन नहीं होता है। SBD के ITB की कंडिका 4.5B(b) अंतर्गत Site Supervisor Mechanical से संबंधित अभिलेख संलग्न नहीं किया गया है तथा SBD के ITB की कंडिका 4.5A(c) अंतर्गत Weir/ barrage/ dam/ AFS/Canal gates or any other type of mechanical gates having Manually Operated Worm and Worm Wheel Hoisting System के Quantity से संबंधित अभिलेख संलग्न नहीं किया गया है।

अतः ये तकनीकी बीड के वांछित अर्हता पूर्ण नहीं करते है।

(7) Avednex Private Limited, Hajipur :- इनके द्वारा SBD के ITB की कंडिका 4.2(iv) अंतर्गत Power of Attorney एवं SBD के ITB की कंडिका 4.3(a) अंतर्गत Legal Status, Place of Registration & Principal Place of business से संबंधित अभिलेख मात्र संलग्न किया गया है तथा SBD के ITB की कंडिका 4.3(a) अंतर्गत Affidavit से संबंधित अभिलेख वांछित अर्हता के अनुरुप नहीं है। शेष वांछित अभिलेख संलग्न नहीं किया गया है।

अतः ये तकनीकी बीड के वांछित अर्हता पूर्ण नहीं करते है।

(C). **समिति का निर्णयः–**

सम्यक् समीक्षोपरांत विभागीय निविदा समिति द्वारा तकनीकी बीड में एक मात्र सफल निविदादाता (एकल निविदा) रहने के कारण पथ निर्माण विभाग की अधिसूचना संख्या–3162 दिनांक 09.05.2016 के आलोक में उक्त कार्य के निविदा को रद्दद् करते हुए अल्पकालीन पुनर्निविदा आमंत्रित करने हेतु मुख्य अभियंता, सिंचाई सृजन, जल संसाधन विभाग, दरभंगा को निदेशित किया गया।

(अरविन्द कुमार) 06/10/26
आंतरिक वित्तीय सलाहकार,
जल संसाधन विभाग।

06/10/2026
(अनिल कुमार मंडल)
मुख्य अभियंता, सिंचाई सृजन,
जल संसाधन विभाग, दरभंगा।

(शम्स परवेज़) 06/10/26
मुख्य अभियंता, यांत्रिक,
जल संसाधन विभाग, पटना।

(निखिल कुमार) 06/10/2026
अभियंता प्रमुख, सिंचाई सृजन,
जल संसाधन विभाग

06/10/26
(चन्द्रशेखर सिंह),
सचिव,
जल संसाधन विभाग

ज्ञापांक :–(मो0)2 दरभंगा–36/2025– 1992 /पटना, दिनांकः– 06-10-2026

प्रतिलिपि :– मुख्य अभियंता, सिंचाई सृजन, जल संसाधन विभाग, दरभंगा को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु समर्पित।

06/10/26
(प्रशांत कुमार)
अधीक्षण अभियंता
यो0 एवं मो0 अंचल–2

ज्ञापांक :–(मो0)2 दरभंगा–36/2025– 1992 /पटना, दिनांकः– 06-10-2026

प्रतिलिपि :– कार्यपालक अभियंता, आई0टी0, जल संसाधन विभाग, पटना को विभागीय वेबसाईट पर प्रकाशित करने हेतु प्रेषित।

06/10/26.
(प्रशांत कुमार)
अधीक्षण अभियंता
यो0 एवं मो0 अंचल–2